न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 72/2025 बउनवानी तुलसी देवी जांगिड पत्नि हरिमोहन जांगिड निवासी व तह0 मलारना डूंगर बनाम तहसीलदार बौंली

GCMS No-2025/ 204

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज
20.8.2025	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 5.6.2025 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बौंली को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर" ***ग्राम राठौद तहसील बौंली के विरासत का नामा0 संख्या 863 दिनांक 6.8.2007 की समस्त दस्तावेज सहित प्रमाणित सूचना***" तहसीलदार बौंली से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1)के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बौंली को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बौंली की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांकः आरटीआई अपील/2025/83 दिनांक 18.8.2025 का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलान्ट द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 5.6.2025 मे चाही गयी सूचना तहसीलदार बौंली के पूर्व पत्रांक भू.अ./2025/511 दिनांक 14.7.2025, पत्रांक 488 दिनांक 17.6.2025, पत्रांक 302 दिनांक 1.4.2025 पत्रांक 225 दिनांक 9.4.2025 एवं पत्रांक 604 दिनांक 25.2.2025 से अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत जवाब मे अंकित किया है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है,कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 5.6.2025 को प्रेषित प्रार्थना पत्र में चाही गयी सूचना तहसीलदार बौंली द्वारा जरिये पत्रांक 511 दिनांक 14.7.2025 एवं इससे पूर्व चार बार अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी चुकी है। ऐसी स्थिति मे अपील अपीलान्ट खारिज किया जाना उचित है। परिणाम स्वरूप अपील अपीलन्ट खारिज़ की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Kana Ram
Date: 2025.10.21 15:37:28 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner